राज्यपाल ने पीएम श्री विद्यालय में खगोल विज्ञान कक्ष का लोकार्पण किया

जयपुर, 9 जनवरी। राज्यपाल श्री हरिभाऊ बागडे ने छत्रपति संभाजी नगर में गुरुवार को पीएम श्री विद्यालय में खगोल विज्ञान कक्ष का लोकार्पण किया। उन्होंने इस दौरान पृथ्वी, सूर्य और चन्द्रमा की गति से संबंधित विज्ञान के साथ खगोल शास्त्र की भारतीय परम्परा की चर्चा करते हुए कहा कि शिक्षा वही सार्थक है जिसमें हम प्राचीन ज्ञान–विज्ञान के आलोक में आधुनिक दृष्टि का विकास करें। उन्होंने कहा कि भारत खगोल विज्ञान में सर्वाधिक समृद्ध देश रहा है।

राज्यपाल ने शिक्षकों को विद्यार्थियों की बौद्धिक क्षमता बढ़ाए जाने के लिए भी निरंतर कार्य करने का आह्वान किया। उन्होंने विद्यालय में औषधि गार्डन का भी फीता काटकर लोकार्पण किया।

लोकमत के वार्षिक समारोह में उद्यमियों का सम्मान किया

पत्रकारिता लोकतंत्र का चौथा स्तम्भ, स्वस्थ पत्रकारिता मूल्यों के लिए कार्य हो

जयपुर, 9 जनवरी। राज्यपाल श्री हरिभाऊ बागडे ने मीडिया को लोकतंत्र का चौथा स्तम्भ बताते हुए कहा है कि स्वस्थ पत्रकारिता मूल्यों के लिए अधिकाधिक कार्य हो। उन्होंने उद्यमिता विकास के लिए वातावरण निर्माण के साथ ही मीडिया द्वारा उद्यमियों के सम्मान की परम्परा को महत्वपूर्ण बताया। उन्होंने इस दौरान समाज में महती कार्य करने वाले उद्यमियों का सम्मान भी किया।

राज्यपाल ने छत्रपति संभाजी नगर में 'लोकमत' समाचार पत्र के '43 वें वार्षिक समारोह' की शुभकामनाएं देते हुए समाचार पत्र के संस्थापक, स्वाधीनता सेनानी और प्रखर पत्रकार जवाहर दर्डा जी के जीवन मूल्यों से प्रेरणा लेने का भी आह्वान किया।

लोकमत

लोकमत

UDISE-27190111002
INDEX SSC-56.01.163
INDEX HSC-56.01.061
PM SHRI
पीएमश्री जि.प.हायस्कूल
पीएमश्री शाळा उपक्रम
लाडसावंगी

पृथ्वी . . मंगळ . . शुक्र व बुध
Table of Size and Distance
Body
Diameter (km)
Average distance from the sun (km)
सूर्य हा चंद्रापेक्षा ४०० पट
आकाराने जवळपास सारखेच
त्यामुळेच चंद्र हा सूर्यबिंबाला
चंद्रकक्षा व क्रांतिवृत्त
अमावास्येला सूर्य - चंद्र -
अंतराळात पडते.

एलविएम 3
डि 1
ISRO
INDIA
इसरो
भारत